EDII

Rajasthan Patrika

December 08, 2023
Page No.02

3 हजार में से डेढ़ हजार दिव्यांग उद्यम तकनीक संचालित बनाने पर जोर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने गुरुवार को मुंबई में केन्द्र सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (डीईपीडब्ल्यूडी) के सहयोग से कॉरपोरेट्स के लिए एक बैठक आयोजित की।

इसमें 3,000 नए दिव्यांगजनों के लिए उद्यमों की स्थापना सुनिश्चित करने की दिशा में और जरूरी कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इनमें 1,500 उद्यम टैक्नोलॉजी-संचालित बनाने और अन्य 1,500 सामान्य उद्यम बनाने पर जोर दिया गया।

बैठक में राष्ट्रीय दिव्यांग वित्त और विकास निगम के महाप्रबंधक डॉ. विनीत राणा, एसबीआई फाउंडेशन के अध्यक्ष जगन्नाथ साहू, महाराष्ट्र लघु उद्योग विकास निगम लिमिटेड, मुंबई के प्रबंध निदेशक राजेंद्र निंबालकर, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के सीजीएम सौम्य चौधरी, ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला, ईडीआईआई में परियोजना विभाग (कॉरपोरेट) के निदेशक डॉ. रमन गुजराल और डीईपीडब्ल्यूडी के वरिष्ठ अधिकारी और प्रमुख कॉरपोरेट संस्थाओं के सीएसआर अधिकारियों ने हिस्सा लिया।